# चीनी उत्पादन बढ़कर 115.7 लाख टन पर

देश का चीनी उत्पादन 2021-22 के चीनी सत्र की अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में 4.75 प्रतिशत बढ़कर 115.70 लाख टन पर पहुंचने का अनुमान है। राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ (एनएफसीएसएफएल) ने सोमवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले साल की समान अवधि में चीनी उत्पादन 110.45 लाख टन रहा था। चीनी सत्र अक्टूबर से सितंबर तक होता है। एनएफसीएसएफएल ने बताया कि 31 दिसंबर, 2021 तक करीब 491 मिलों ने l,227.17 लाख टन गन्ने की पेराई की थी। *भाषा*